# पेश है इंटरनेशनल स्टूडेंट बैंकिंग ऑफर

अंतर्राष्ट्रीय छात्र अपने निवेश की गारंटी का प्रमाणपत्र (GIC)[1] के लिए पहले से पैसे भर कर कनाडा के अध्ययन परमिट दिशा-निर्देशों को पूरा कर सकते हैं। ऐसा वे भारत, चीन, वियतनाम या फिलीपींस में अपने घर पर रहते हुए ही कर सकते हैं।



**यह जानें कि कनाडा में नया जीवन शुरू करने में CIBC इंटरनेशनल स्टूडेंट बैंकिंग ऑफ़र आपकी मदद कैसे कर सकता है।**

CIBC

# आपका भविष्य यहां से शुरू होता है।

एक प्रमुख कनाडा-आधारित वित्तीय संस्थान के रूप में, हम अपने ग्राहकों को वे सभी चीज़ें हासिल करने में मदद करते हैं जो उनके लिए ज़रूरी हैं। विदेश में अध्ययन करने की तैयारी करने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय छात्र के तौर पर, हम जानते हैं कि आपके आगमन से पहले बहुत कुछ करना होता है, और यह भी कि कनाडा का बैंकिंग सिस्टम आपके देश के बैंकिंग सिस्टम से बहुत अलग हो सकता है। इसलिए हमने **CIBC इंटरनेशनल स्टूडेंट बैंकिंग ऑफ़र (ISBO)** बनाया है, और इसी वजह से CIBC आपकी यात्रा के हर कदम पर आपकी मदद के लिए मौजूद रहता है।

## इसमें क्या शामिल है?

**ISBO ऐप्लिकेशन गाइडबुक** में आपका स्वागत है। कनाडा में अध्ययन करने की योजना बनाते हुए आपको इसके अंदर हमारे ISBO प्रोग्राम्स के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ चरण दर चरण बताए जाएंगे जिससे कि आप ऑनलाइन अपनी ऐप्लिकेशन आसानी से भर सकें।


अपना अध्ययन परमिट तेज़ी से पाएं ..... 3

CIBC इंटरनेशनल स्टूडेंट बैंकिंग ऑफ़र (ISBO) ..... 4

अपना ISBO ऐप्लिकेशन भरना ..... 5

सेक्शन A: प्रोग्राम और भुगतान ..... 6

सेक्शन B: छात्र के बारे में जानकारी ..... 7

सेक्शन C: भुगतान का विवरण ..... 11

# अपना अध्ययन परमिट तेज़ी से पाएं

अंतर्राष्ट्रीय छात्र अपने निवेश की गारंटी का प्रमाणपत्र (GIC)[1] के लिए पहले से पैसे भर कर कनाडा के अध्ययन परमिट दिशा-निर्देशों को पूरा कर सकते हैं। ऐसा वे भारत, चीन, वियतनाम या फिलीपींस में अपने घर पर रहते हुए ही कर सकते हैं॥

**कनाडा पहुंचने से पहले आप:**

- अपने अध्ययन परमिट दिशा-निर्देशों को पूरा करने के लिए GIC[1] आसानी से प्राप्त कर सकते हैं
- कनाडा में अपनी दिन-प्रतिदिन की बैंकिंग जरूरतों के लिए जमा खाता[2] खोल सकते हैं
- बिना कोई सेवा शुल्क[4] दिए अपनी पसंदीदा मुद्रा[3] में पैसे ट्रांसफ़र कर सकते हैं
- हमारे यात्रा इनाम और कैशबैक क्रेडिट कार्ड[5] के बारे में ज़्यादा जान सकते हैं

**अपने देश को छोड़कर कनाडा जाने की योजना बनाने से पहले बहुत कुछ करना होता है। CIBC में, हम आपकी तैयारी में मदद करते हैं ताकि आप बिना किसी परेशानी के कनाडा जा सकें॥**

**हमसे mailbox.isbo@cibc.com पर संपर्क करें**



*आपकी कनाडा पहुंचने की अपेक्षित तिथि आपके ISBO आवेदन जमा करने की तिथि के 365 दिनों (12 महीने) के भीतर होनी चाहिए। यदि आप 365 दिनों के बाद पहुँचने वाले हैं, तो कृपया इंतज़ार करें और तब आवेदन करें जब कनाडा जाने में 365 दिन या इससे कम दिन बचे हों। ISBO आवेदन जमा करने के लिए आपकी उम्र 15 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए।

# CIBC इंटरनेशनल स्टूडेंट बैंकिंग ऑफ़र (ISBO)

**जानें कि कनाडा में नया जीवन शुरू करने में हमारे ISBO प्रोग्राम आपकी मदद कैसे कर सकते हैं।**

कनाडा पहुंचने से पहले अपने निवेश की गारंटी का प्रमाणपत्र (GIC)[1] के लिए पहले से पैसे भर कर कनाडा के अध्ययन परमिट दिशा-निर्देशों को पूरा करने के लिए **CIBC छात्र GIC प्रोग्राम**[1] का इस्तेमाल करें।

भारत, चीन, वियतनाम या फिलीपींस में अपने घर पर रहते हुए, स्कूल में अपनी दिन-प्रतिदिन की बैंकिंग ज़रूरतों के लिए एक नया जमा खाता[2] खोलने के लिए **CIBC छात्र जमा प्रोग्राम**[2] का इस्तेमाल करें। आपका नया छात्रों के लिए CIBC Smart™ खाता आपके पहुंचने से पहले धन का प्रमाण प्रदर्शित कर सकता है, और इससे आप यात्रा करते समय बड़ी रकम ले जाने के जोखिम से बच सकते हैं।

## CIBC छात्र GIC प्रोग्राम[1]

- CIBC छात्र GIC प्रोग्राम[1] में नामांकन के लिए कम से कम $10,000 CAD ($20,000 CAD तक) जमा करें
- बिना कोई सेवा शुल्क[4] दिए अपनी पसंदीदा मुद्रा[3] में पैसे ट्रांसफ़र कर सकते हैं
- कनाडा पहुंचने पर अपने नए छात्रों के लिए CIBC Smart™ खाते में $2,000 CAD जमा करें
- 12 महीनों तक हर महीने अपने निवेश का एक हिस्सा वापस पाएं - 8 बराबर किस्त के भुगतानों के रूप में हर महीने लगभग $ 1,000 CAD
- 12 महीनों के बाद, आपको अपना $10,000 CAD निवेश वापस मिल जाएगा, साथ ही इस पर मिला ब्याज भी

## CIBC छात्र जमा प्रोग्राम[2]

- कनाडा जाने से पहले अपने नए जमा खाता[2] में कम से कम $1,000 CAD से $20,000 CAD तक ट्रांसफ़र करें
- बिना कोई सेवा शुल्क[4] दिए अपनी पसंदीदा मुद्रा[3] में पैसे ट्रांसफ़र कर सकते हैं
- कनाडा पहुंचते ही हमारे किसी भी CIBC बैंकिंग केंद्र पर अपने खाते को तुरंत सक्रिय करें
- इसके कई लाभ हैं, जिनमें बिना शुल्क मासिक खाता, असीमित लेनदेन,[6] और मुफ्त इंटरैक ई-ट्रांसफ़र शामिल हैं
  - इंटरैक ई-ट्रांसफ़र एक कनाडाई बैंक खाते से दूसरे खाते में पैसे भेजने, मंगवाने और पाने का आसान तरीका है[7]
- आपकी स्नातक की तारीख (चार साल तक) और स्नातक पूरा होने के बाद छह अतिरिक्त महीनों तक आपको आपके खाते के लाभ मिलेंगे

# अपनी ISBO ऐप्लिकेशन भरना

**तीन प्रमुख सेक्शन में अपना ISBO ऐप्लिकेशन ऑनलाइन भरें:**

## सेक्शन A: प्रोग्राम और भुगतान

वह ISBO प्रोग्राम चुनें जिसके लिए आप आवेदन कर रहे हैं:

- CIBC छात्र GIC प्रोग्राम[1] ;या
- CIBC छात्र जमा प्रोग्राम[2]

## सेक्शन B: छात्र के बारे में जानकारी

- अपनी निजी जानकारी भरें

## सेक्शन C: भुगतान का विवरण

- अपने विवरण की समीक्षा करें और जब तैयार हों, तो अपना आवेदन पूरा करने के लिए 'सबमिट करें' पर क्लिक करें!

भले ही आपने कोई भी प्रोग्राम चुना हो, अपना आवेदन पूरा करने के लिए आपके पास निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिए:

- आपका पासपोर्ट
- आपका प्रवेश पत्र (pdf या jpg फ़ॉर्मैट में)
- कनाडा में आपके स्कूल के कैम्पस का नाम

सबमिट किए जाने के बाद, CIBC आपके आवेदन की पुष्टि करने के लिए आपसे 1 व्यावसायिक दिन के भीतर संपर्क करेगा।

**ऑनलाइन ऐप्लिकेशन भरने में मदद चाहिए?**

हमें mailbox.isbo@cibc.com पर ईमेल करें



# सेक्शन A: प्रोग्राम और भुगतान

**वह ISBO प्रोग्राम चुनें जिसके लिए आप आवेदन कर रहे हैं:**

- CIBC छात्र GIC प्रोग्राम[1]
- CIBC छात्र जमा प्रोग्राम[2]

**इसके बाद वह रकम लिखें जो आप अपने नए CIBC खाते में जमा करना चाहते हैं:**

### CIBC छात्र GIC प्रोग्राम के लिए:

- निवेश की न्यूनतम रकम: $10,000 CAD
- निवेश की अधिकतम रकम: $20,000 CAD
- भुगतान देश चुनें: वह देश चुनें जहां आप वर्तमान में रहते हैं और जहां का पासपोर्ट आपके पास है (उदा. भारत, चीन, वियतनाम या फिलीपींस)
- भुगतान की मुद्रा[3] चुनें: वह मुद्रा चुनें जिस मुद्रा में आप अपना अंतर्राष्ट्रीय वायर ट्रांसफ़र करना चाहेंगे
- अगर आपकी पसंदीदा मुद्रा[3] ड्रॉपडाउन में नहीं है, तो आप कनाडाई डॉलर में भुगतान कर सकते हैं

### CIBC छात्र जमा प्रोग्राम के लिए:

- निवेश की न्यूनतम रकम: $1,000 CAD
- निवेश की अधिकतम रकम: $20,000 CAD
- भुगतान देश चुनें: वह देश चुनें जहां आप वर्तमान में रहते हैं और जहां का पासपोर्ट आपके पास है (उदा. भारत, चीन, वियतनाम या फिलीपींस)
- भुगतान की मुद्रा[3] चुनें: वह मुद्रा चुनें जिस मुद्रा में आप अपना अंतर्राष्ट्रीय वायर ट्रांसफ़र करना चाहेंगे
- अगर आपकी पसंदीदा मुद्रा[3] ड्रॉपडाउन में नहीं है, तो आप कनाडाई डॉलर में भुगतान कर सकते हैं

## हम जानते हैं कि आप अपने भविष्य के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, यही वजह है कि ऐसे बैंकिंग सॉल्युशन बनाते हैं जो आपके काम आ सके।



# सेक्शन B: छात्र के बारे में जानकारी

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **शीर्षक** | ड्रॉपडाउन से अपना शीर्षक चुनें |
| 2 | **कानूनी नाम** | अपना पहला, मध्य और अंतिम कानूनी नाम दर्ज करें, जैसा आपके पासपोर्ट पर दिखाई देता है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि आपका CIBC बैंक खाता इसी नाम से बनाया जाएगा।<br>कृपया ध्यान दें - इन फ़ील्ड में विशेष वर्ण की अनुमति नहीं है |
| 3 | **नाम** | अपना पहला नाम और अंतिम नाम अपने देश की भाषा में दर्ज करें (यह एक वैकल्पिक फ़ील्ड है जिसमें आप अपना वैकल्पिक नाम लिख सकते हैं जिसका इस्तेमाल आप आपने देश में करते हैं) |
| 4 | **स्कूल का नाम और कैम्पस** | वह स्कूल चुनें जिसमें कनाडा में आपको स्वीकार कर लिया गया है। कृपया अपने स्कूल के कैम्पस का नाम भी चुनें, क्योंकि यह हमें आपके निकटतम CIBC बैंकिंग केंद्र की पहचान करने में मदद करेगा |
| 5 | **आगमन की संभावित तिथि** | यह वह तिथि है जब आप कनाडा पहुंचने वाले हैं। यह तिथि आपके द्वारा आवेदन जमा करने के 365 दिनों (12 महीने) के भीतर होनी चाहिए। यदि आप 365 दिनों के बाद जाने वाले हैं, तो कृपया इंतज़ार करें और तब आवेदन करें जब कनाडा जाने में 365 दिन या इससे कम दिन बचे हों |
| 6 | **स्नातक पूरा होने की संभावित तिथि** | यह वह तिथि है जब आप उस प्रोग्राम के स्नातक को पूरा करने वाले हैं, जिसमें आप नामांकित हैं |
| 7 | **खाते के उपयोग का उद्देश्य** | एक बैंक के रूप में, ग्राहकों से बैंक खाते के इच्छित उपयोग के बारे में पूछना हमारी कानूनी आवश्यकता है। इस जानकारी का उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाएगा। कृपया एक उपयुक्त विकल्प चुनें जो आपके खाते के इच्छित उपयोग के बारे में बताता हो |
| 8 | **व्यवसाय श्रेणी / व्यवसाय विवरण / विस्तृत विवरण** | ये प्रश्न यह जानने के लिए पूछे जाते हैं कि आप वर्तमान में अपने देश में क्या करते हैं। कृपया “छात्र” चुनें। एक बैंक के रूप में, हमारे लिए यह जानकारी ग्राहकों से लेना ज़रूरी है जब वे नए खाते के लिए आवेदन करते हैं। इस जानकारी का उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाएगा। |
| 9 | **क्या यह खाता किसी तीसरे पक्ष को लाभ पहुंचाने के लिए है?** | यह प्रश्न यह आश्वस्त करने के लिए पूछा जाता है कि आपका CIBC खाता केवल आपके द्वारा उपयोग किया जाएगा और कोई और इसका इस्तेमाल नहीं करेगा<br>a) अगर खाता केवल आपके द्वारा उपयोग किया जाएगा, तो “नहीं” चुनें<br>b) अगर खाता कोई और उपयोग करेगा, तो “हां” चुनें<br>हमारे लिए यह जानकारी ग्राहकों से लेना ज़रूरी है जब वे नए खाते के लिए आवेदन करते हैं। इस जानकारी का उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाएगा। |
| 10 | **प्रवेश पत्र** | कृपया कनाडा के उस स्कूल से प्राप्त स्वीकृति / प्रवेश पत्र अपलोड करें जहां आप अध्ययन करेंगे। इस दस्तावेज़ पर आपका कानूनी नाम होना बहुत महत्वपूर्ण है। इसे pdf या jpg फ़ॉर्मेट में अपलोड किया जा सकता है, अधिकतम आकार 5MB |

## केवल चुनिंदा देशों के लिए

1. अपने CIBC खाते में जो रकम आप वायर ट्रांसफ़र (जमा) करेंगे, वह आपको कहाँ से मिली है? ड्रॉपडाउन से उस विकल्प को चुनें जो आपके लिए सर्वोत्तम हो
2. अगर आप “परिवार के सदस्य” चुनते हैं, तो कृपया अपने परिवार के सदस्य के व्यवसाय का विवरण निम्नलिखित दो फ़ील्ड में भरें: “व्यवसाय श्रेणी” और “व्यवसाय विवरण”
3. “कंपनी का नाम” और “छात्रवृत्ति प्रदाता” सेक्शन में आप इस बारे में अतिरिक्त जानकारी दे सकते हैं कि आप अपने नए CIBC खाते में डालने के लिए पैसों का इंतज़ाम कैसे कर रहे हैं (अगर लागू हो)
   - अगर आपने प्रश्न # 1 में “निजी कर्मचारी” या “परिवार के सदस्य” चुना है, तो प्रश्न # 1 में आपके द्वारा दिए गए नाम को दर्ज करें, फिर उस कंपनी का नाम दर्ज करें जहां आप या आपके परिवार के सदस्य कार्यरत हैं
   - अगर आपने “छात्रवृत्ति” चुना है, तो कृपया आपको छात्रवृत्ति देने वाले संस्था का नाम लिखें
4. आपके स्कूल के पहले वर्ष के दौरान, आप कितने वायर ट्रांसफ़र (जमा) प्राप्त करने की उम्मीद करते हैं (नया खाता सेट अप करने के लिए किए गए पहले वायर ट्रांसफ़र सहित)?
5. सभी वायर ट्रांसफ़र (जमा) से आपको कुल कितनी रकम मिलने की उम्मीद है? यह प्रश्न ऊपर # 4 के संबंध में है — अपने अपेक्षित वायर ट्रांसफ़र (जमा) की रकम जोड़ें और यहां कुल रकम लिखें
6. आप अपने CIBC खाते का उपयोग किस लिए करेंगे? कृपया एक उपयुक्त विकल्प चुनें जो आपके खाते के इच्छित उपयोग के बारे में बताता हो



## संपर्क विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **पता** | उस स्थान का विवरण दर्ज करें जहां आप अभी रहते हैं (जैसे कि भारत, चीन, वियतनाम या फिलीपींस में) जिसमें गली संख्या, गली का नाम, राज्य / प्रांत, शहर और ज़िप / पोस्टल कोड शामिल हैं। अगर वर्तमान ज़िप / पोस्टल कोड आपके लिए लागू नहीं है, तो कृपया उपलब्ध नहीं N/A लिखें. |
| 2 | **फ़ोन नंबर** | अपना वर्तमान फ़ोन नंबर दर्ज करें। कृपया क्षेत्र कोड शामिल करें |
| 3 | **पंजीकृत ईमेल पता** | अपना ईमेल पता दर्ज करें। CIBC आपसे संपर्क करने के लिए इसी ईमेल का उपयोग करेगा। यह वह ईमेल पता भी होगा जिसका उपयोग आप अपने आवेदन की स्थिति की जांच करने के लिए ISBO ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर साइन इन करने के लिए करते हैं। हम इसे आपके "पंजीकृत ईमेल पते" के रूप में संदर्भित करते हैं |
| 4 | **ईमेल पते की पुष्टि करें** | फिर से वही ईमेल पता दर्ज करें। यह पक्का करने के लिए सावधानीपूर्वक समीक्षा करें कि कोई गड़बड़ी न हुई हो, और # 3 (ऊपर) और # 4 (यहां) के लिए उपयोग किया गया ईमेल पता एक ही है। हम भी जांच करते हैं, इसलिए अगर वे एक नहीं होंगे, तो आपको एक त्रुटि संदेश दिखाई देगा |
| 5 | **पासवर्ड** | पासवर्ड बनाएं। इस पासवर्ड का उपयोग आप ISBO ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म में साइन इन करने के लिए करेंगे। सुरक्षा कारणों से, हम अनुरोध करते हैं कि इसमें कम से कम 8 अक्षर, कम से कम 1 बड़ा अक्षर और 1 विशेष वर्ण होना चाहिए |
| 6 | **पासवर्ड की पुष्टि करें** | अपना पासवर्ड फिर से दर्ज करें (यानी ऊपर # 3 और # 4 में इस्तेमाल किया गया पासवर्ड)। यह पक्का करने के लिए सावधानीपूर्वक समीक्षा करें कि कोई गड़बड़ी न हुई हो, और # 5 (ऊपर) और # 6 (यहां) के लिए उपयोग किया गया पासवर्ड एक ही है। |

## पासपोर्ट का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **पासपोर्ट नंबर** | अपना पासपोर्ट नंबर दर्ज करें |
| 2 | **पासपोर्ट जारी किए जाने की तारीख** | आपके पासपोर्ट को जारी किए जाने की तारीख चुनें। यह तारीख आज की तारीख से पहले की होनी चाहिए |
| 3 | **पासपोर्ट की वैद्यता खत्म होने की तारीख** | वह तारीख चुनें, जब आपका पासपोर्ट की वैधता खत्म हो जाएगी। यह तारीख आज की तारीख के बाद की होनी चाहिए |
| 4 | **जारी करने वाला देश** | वह देश दर्ज करें जहां से आपका पासपोर्ट जारी किया गया है |
| 5 | **जन्म तिथि** | अपनी जन्म तिथि चुनें। ऐप्लिकेशन जमा करने के लिए आपकी उम्र 15 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। |

## रेफरल विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **रेफरल का प्रकार** | इस सवाल से यह जानने की कोशिश की जाती है कि आपको हमारे ISBO के बारे कैसे पता चला<br>— अगर आपको किसी दोस्त ने रेफर किया है, तो आप दोनों को $25 बोनस के तौर पर मिलेगा।[8] अधिक जानकारी के लिए cibc.com/isbo पर जाएं |
| 2 | **रेफरल विवरण** | इस प्रश्न में उस दोस्त का विवरण मांगा जाता है जिसने आपको ISBO के लिए रेफर किया था<br>— अगर यह आपके लिए लागू नहीं होता है, तो कृपया 'N/A' दर्ज करें |



## यह जानें कि कनाडा में छात्र जीवन शुरू करने में CIBC इंटरनेशनल स्टूडेंट बैंकिंग ऑफ़र आपकी मदद कैसे कर सकता है।

# सेक्शन C: भुगतान का विवरण

| | |
|---|---|
| 1 | यह पक्का करने के लिए कि सब कुछ सही भरा गया है ISBO ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर छात्र के बारे में जानकारी सेक्शन में सभी विवरणों की समीक्षा करें। अगर आपको किसी विवरण में बदलाव करना है, तो कृपया नीचे स्क्रॉल करें और "संपादित करें" बटन चुनें |
| 2 | ISBO ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर नियम और शर्तें, जमा खाता, गोपनीयता विवरण और अन्य सेक्शन की सावधानीपूर्वक समीक्षा करें (आप अपने रिकॉर्ड के लिए हर एक की कॉपी प्रिंट कर सकते हैं)। ये आपके प्रोग्राम के आधिकारिक नियम और शर्तें हैं |
| 3 | इन दस्तावेज़ों को विस्तार से पढ़ने के बाद, जब आप तैयार हों, तो कृपया उपरोक्त शर्तों, दस्तावेजों और गोपनीयता सहमति के लिए "मैं सहमत हूं" चेक बॉक्स चुनें। |
| 4 | जब तैयार हों, तो अपना आवेदन पूरा करने के लिए 'सबमिट करें' पर क्लिक करें! |

**बधाई हो! आप विदेश में अपनी पढ़ाई के एक कदम नज़दीक हैं!**

### ज़रूरी बातें

- ऐप्लिकेशन जमा किए जाने के बाद, CIBC आपके लिए नया खाता खोलने की प्रक्रिया शुरू करेगा। आप अपने पंजीकृत ईमेल पते और आपके द्वारा बनाए गए पासवर्ड से सुरक्षित ISBO प्लेट्फ़ॉर्म पर साइन इन करके अपने ऐप्लिकेशन को ऑनलाइन ट्रैक कर सकते हैं
- CIBC आपके भुगतान निर्देशों की पुष्टि करने के लिए 1 व्यावसायिक दिन के भीतर ईमेल द्वारा आपसे संपर्क करेगा। निर्देशों में आपका नया CIBC बैंक खाता नंबर (यानी जहां आपके अंतरराष्ट्रीय वायर भुगतान जमा होंगे) शामिल होगा
- अंतरराष्ट्रीय वायर ट्रांसफ़र भारत, चीन, वियतनाम या फिलीपींस के आपके बैंक खाते से किए जाने चाहिए। जब तक आप कनाडा पहुंचकर अपने खाते को सक्रिय नहीं कर लेते हैं, तब तक केवल एक अंतर्राष्ट्रीय वायर ट्रांसफ़र की जा सकती है। अगर आवश्यक हो, तो वायर ट्रांसफ़र सबमिट करने के बाद ISBO ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर रिफंड का अनुरोध किया जा सकता है। हम पूछेंगे कि आपको रिफंड क्यों चाहिए, और आपके अनुरोध की जानकारी कनाडा के वाणिज्य दूतावास को देंगें। रिफंड प्रोसेसिंग शुल्क $20.00 प्रति लेनदेन है

## अगर आपको ज़्यादा जानकारी चाहिए, तो:

1. अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर देखने के लिए ISBO ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के शीर्ष मेनू में 'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न' चुनें
2. अपने प्रश्न हमें सीधे mailbox.isbo@cibc.com पर ईमेल करें

[1] CIBC छात्र GIC प्रोग्राम भारत, चीन, वियतनाम या फिलीपींस के छात्रों के लिए उपलब्ध है। GIC प्रोग्राम में नामांकन लेने के लिए CIBC द्वारा दी जाने वाली किसी भी मुद्रा में छात्र कम से कम $10,000 CAD से $20,000 CAD तक भेज सकते हैं। GIC खरीदने के लिए आपको CIBC जमा खाता खोलना होगा। [2] CIBC छात्र जमा प्रोग्राम भारत, चीन, वियतनाम या फिलीपींस के छात्रों के लिए उपलब्ध है। CIBC छात्र जमा प्रोग्राम में नामांकन लेने के लिए CIBC द्वारा दी जाने वाली किसी भी मुद्रा में छात्र कम से कम $1,000 CAD से $20,000 CAD तक भेज सकते हैं। आपकी कनाडा पहुंचने की अपेक्षित तिथि आपके ISBO आवेदन जमा करने की तारीख के 365 दिनों (12 महीने) के भीतर होनी चाहिए। यदि आप 365 दिनों के बाद जाने वाले हैं, तो आपको इंतज़ार करना होगा और जब कनाडा जाने में 365 दिन या इससे कम दिन बचे हों, तब आवेदन करना होगा। ISBO आवेदन जमा करने के लिए आपकी उम्र 15 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए। [3] CIBC सभी विकसित बाजारों की मुद्राओं को एक्सेस करने की सुविधा प्रदान करता है और विकासशील बाजारों की मुद्रा का चयन करने देता है। [4] CIBC विदेशी मुद्रा विनिमय दरें लागू होंगी। [5] केवल योग्य कार्ड। मानक क्रेडिट मानदंड लागू होंगे। [6] लेन-देन में चेक, निकासी, हस्तांतरण, पूर्व-अधिकृत भुगतान, बिल भुगतान (CIBC क्रेडिट कार्ड और CIBC पर्सनल लाइन्स ऑफ़ क्रेडिट सहित) और डेबिट खरीदारी शामिल हैं। सभी खातों के लिए, CIBC- ब्रांडेड लोन (CIBC पर्सनल लाइन्स ऑफ़ क्रेडिट को छोड़कर), बंधक और निवेश (पंजीकृत और अपंजीकृत) मुफ़्त हैं। अन्य शुल्क (किसी भी लेन-देन शुल्क के अतिरिक्त) में ये शामिल हैं: गैर-CIBC बैंक मशीनों से निकासी, इंटरैक ई-ट्रांसफ़र लेनदेन (CIBC स्मार्ट खातों, CIBC प्रीमियर सेवा खातों के लिए और उन ग्राहकों के लिए इंटरैक ई-ट्रांसफ़र शुल्क नहीं लिया जाता है जो युवाओं के लिए CIBC लाभ, छात्रों के लिए CIBC स्मार्ट, वरिष्ठों के लिए CIBC स्मार्ट (CIBC स्मार्ट खाते पर) और छात्रों के लिए CIBC लाभ (CIBC प्रतिदिन चेकिंग खाते पर) और विदेशी मुद्रा में लेनदेन (खाता मुद्रा के अलावा अन्य मुद्राओं में लिखे गए चेक सहित) में नामांकित हैं। [7] भाग लेने वाले वित्तीय संस्थानों के साथ उपलब्ध है। [8] नियम और शर्तें लागू। अधिक जानकारी के लिए कृपया www.cibc.com/isbo पर जाएं। उत्पाद एवं उनके फीचर किसी भी समय बदले जा सकते हैं। CIBC कैपिटल मार्केट्स एक ट्रेडमार्क ब्रांड नाम है जिसके तहत विभिन्न कानूनी संस्थाएं अलग-अलग सेवाएं प्रदान करती हैं। कैनिडियन इंपीरियल बैंक ऑफ़ कॉमर्स द्वारा पेश किए गए उत्पादों और / या सेवाओं में कॉर्पोरेट उधार सेवाएं, विदेशी मुद्रा, मुद्रा बाजार के साधन, संरचित नोट, ब्याज दर उत्पाद और ओटीसी डेरिवेटिव शामिल हैं। FX ग्लोबल कोड में निहित दिशा-निर्देशों से संबंधित CIBC का विदेशी मुद्रा प्रकटीकरण का विवरण www.cibccm.com/fxdisclosure पर देखा जा सकता है। अन्य उत्पादों और सेवाओं, जैसे एक्सचेंज-ट्रेडेड इक्विटी और इक्विटी विकल्प, निश्चित आय प्रतिभूतियों और कनाडाई प्रतिभूतियों के भविष्य में निष्पादन, को सीधे या परोक्ष रूप से CIBC की सहायक कंपनियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है जैसा कि नीचे बताया गया है। CIBC वर्ल्ड मार्केट्स इंक कनाडा इनवेस्टर प्रोटेक्शन फंड और कनाडा के निवेश उद्योग नियामक संगठन का एक सदस्य है। संयुक्त राज्य अमेरिका में CIBC वर्ल्ड मार्केट्स कॉर्पोरेशन, फाइनेंशियल इंडस्ट्री रेगुलेटरी अथॉरिटी और सिक्योरिटीज इन्वेस्टर प्रोटेक्शन फंड का सदस्य है। CIBC वर्ल्ड मार्केट plc, प्रूडेंशियल रेगुलेशन अथॉरिटी द्वारा प्राधिकृत है और फाइनेंसियल कंडक्ट अथॉरिटी एवं प्रूडेंशियल रेगुलेशन अथॉरिटी द्वारा विनियमित है। CIBC वर्ल्ड मार्केट सिक्योरिटीज आयरलैंड लिमिटेड, सेंट्रल बैंक ऑफ़ आयरलैंड द्वारा विनियमित है। कैनेडियन इंपीरियल बैंक ऑफ़ कॉमर्स, सिडनी शाखा (ABN: 33 608 235 847), ऑस्ट्रेलियन प्रूडेंशियल रेगुलेशन अथॉरिटी (APRA) द्वारा विनियमित एक प्राधिकृत विदेशी बैंक की शाखा है। CIBC ऑस्ट्रेलिया लिमिटेड (AFSL नं.: 240603) ऑस्ट्रेलियन सिक्योरिटीज एंड इन्वेस्टमेंट कमीशन ("ASIC") द्वारा विनियमित है। CIBC वर्ल्ड मार्केट (जापान) इंक, जैपनीज़ सिक्योरिटीज डीलर एसोसिएशन का एक सदस्य है। कैनेडियन इंपीरियल बैंक ऑफ़ कॉमर्स, हाँग काँग शाखा, सिक्योरिटीज और फ्यूचर्स ऑर्डिनेंस, Cap 571 के तहत एक पंजीकृत संस्थान है। कैनेडियन इंपीरियल बैंक ऑफ़ कॉमर्स, सिंगापुर शाखा, एक ऑफ़शोर बैंक है जिसे सिंगापुर की मौद्रिक प्राधिकरण द्वारा लाइसेंस दिया गया है और विनियमित किया जाता है। इंटरैक और इंटरैक ई-ट्रांसफ़र, इंटरैक इंक के पंजीकृत ट्रेडमार्क हैं। जिन्हें लाइसेंस के तहत उपयोग किया जाता है। छात्रों के लिए CIBC Smart™ खाता, CIBC या उसकी सहायक कंपनियों का ट्रेडमार्क है। CIBC कैपिटल मार्केट और CIBC क्यूब डिज़ाइन, CIBC के ट्रेडमार्क हैं, जिन्हें लाइसेंस के तहत उपयोग किया जाता है।